Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 13 सितंबर, 2022

आयुर्वेद दिवस 2022

12 सितंबर, 2022 को **अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान** ने आयुर्वेद **दिवस 2022 कार्यक्रम** की शुरुआत की है। छह सप्ताह का यह कार्यक्रम **23 अक्तूबर, 2022** तक चलेगा। आयुष **मंत्रालय** ने इस वर्ष आयुर्वेद दिवस के लिये **अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान** को **नोडल एजेंसी** बनाया है। इसका विषय "**हर दिन हर घर आयुर्वेद**" है। आयुष मंत्रालय प्रत्येक वर्ष **धनवंतरी जयंती पर आयुर्वेद दिवस** मनाता है। **वर्ष 2022 में यह दिवस 23 अक्तूबर को** मनाया जाएगा। केंद्रीय आयुष मंत्री ने कहा है कि हर दिन हर घर आयुर्वेद का विषय प्रत्येक घर में समग्र स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद के बारे में जागरूकता पर बल देने के लिये चुना गया है । आयुर्वेद प्राचीन भारतीय प्राकृतिक और समग्र वैद्य-शास्त्र चिकित्सा पद्धति है। संस्कृत भाषा में आयुर्वेद का अर्थ है 'जीवन का विज्ञान' (संस्कृत मे मूल शब्द आयुर का अर्थ होता है 'दीर्घ आयु' या आयु और वेद का अर्थ हैं 'विज्ञान। आयुर्वेद के अनुसार व्यक्ति के शरीर में वात, पित्त और कफ जैसे तीनों मूल तत्त्वों के संतुलन से कोई भी बीमारी नहीं हो सकती, परंतु यदि इनका संतुलन बिगड़ता है, तो बीमारी शरीर पर हावी होने लगती है। अतः आयुर्वेद में इन्हीं तीनों तत्त्वों के मध्य संतुलन स्थापित किया जाता है। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने पर भी बल दिया जाता है, ताकि व्यक्ति सभी प्रकार के रोगों से मुक्त हो।

कार्लोस अलकराज़

स्पेन के कार्लोस अलकराज़ ने **कैस्पर रुड** को हराकर **अमेरिकी ओपन टेनिस पुरुष एकल खिताब** जीत लिया है। न्यूयॉर्क में 11 सितंबर, 2022 को हुए चार सेटों के मुकाबले में अलकराज़ ने रुड को मात दी और अपना **पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। 19 वर्षीय अलकराज़, राफेल नडाल के बाद अब तक के सबसे कम उम्र के ग्रैंड स्लैम विजेता हैं। राफेल नडाल** ने वर्ष 2005 में सबसे कम उम्र में **फ्रेंच ओपन** जीता था। अमेरिकी ओपन में जीत के साथ ही कार्लोस अलकराज़ पुरुष एकल जीतने वाले **दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी** भी बन गए हैं। वे यूएस ओपन के इतिहास में **32 वर्ष बाद सबसे युवा चैंपियन** बने हैं। कार्लोस ने यूएस ओपन के फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रुड को 6-4, 2-6, 7-6 (1), 6-3 से पराजित किया। यह **यूएस ओपन टेनिस 2022 का 142वाँ संस्करण** था और साल का चौथा एवं अंतिम टेनिस ग्रैंड स्लैम इवेंट था। यह न्यूयॉर्क शहर में बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में आउटडोर हार्ड कोर्ट में आयोजित किया गया। यह **टूर्नामेंट यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन (USTA)** द्वारा आयोजित किया गया, जिसका विनियमन **अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (ITF)** द्वारा किया जाता है। टूर्नामेंट में पुरुष और महिला एकल एवं युगल दोनों शामिल थे।

'अहेली खादी '

युवा दर्शकों और वैश्विक बाज़ार तक पहुँचने के उद्देश्य से और **खादी को एक कपड़े के रूप में लोकप्रिय बनाने** तथा **पारंपरिक एवं समकालीन फैशन में इसके उपयोग** को प्रदर्शित करने के लिये **'अहेली खादी' फैशन शो** का आयोजन **खादी इंडिया** द्वारा रविवार को **राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (National Institute of Fashion Technology-NIFT), गांधीनगर** के **टाना रीरी ऑडिटोरियम** में किया गया। इस अवसर पर **मुख्य अतिथि** के रूप में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (Khadi and Village Industries Commission-KVIC) के अध्यक्ष **मनोज गोयल** भी उपस्थित रहे। खादी स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक है और इसको एक ऐसे कपड़े के रूप में स्थापित करने में अग्रणी रहा है जो सही मायनों में मज़बूत और आधुनिक है। यही कारण है कि खादी को युवा पीढ़ी का भरपूर समर्थन मिला है, क्योंकि यह सिर्फ कपड़ा नहीं है, बल्कि पारंपरिक और समकालीन फैशन के रूप में भी इसके कई उपयोग हैं। **"अहेली" खादी का अर्थ है शुद्ध खादी** और फैशन शो के दौरान इसी का प्रदर्शन किया गया। योग के लिये प्रधान **"स्वाधा"** जिसे अब संचार के एक प्रभावी माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाता है और जिसे NIFT के डिज़ाइनर द्वारा तैयार किया गया है, इस फैशन शो का प्रमुख आकर्षण था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-13-september-2022